भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3532
(17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मिशन अमृत सरोवर

3532. श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:
श्री नलिन सोरेन:
श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मिशन अमृत सरोवर का कार्यान्वयन कर रही है जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल संकट पर काबू पाने के लिए प्रत्येक जिले में अमृत सरोवर का विकास/नवीकरण करना है;

(ख) क्या मिशन के अंतर्गत नए तालाब खोदे जाने की संभावना है और पुराने तालाबों का समय पर मरम्मत किया जाएगा;

(ग) यदि हां, तो झारखंड और दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित बिहार के जिलों में उक्त मिशन के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों और प्राप्त परिणामों का राज्य-वार/जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) तत्संबंधी जिलावार, आवंटित निधिवार और व्ययवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) और (ख): मिशन अमृत सरोवर का आरंभ माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 24 अप्रैल, 2022 को किया गया था, जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण के ठोस प्रयास के रूप में 15 अगस्त 2023 तक देश भर में 50,000 सरोवरों के प्रारंभिक लक्ष्य के साथ प्रत्येक ग्रामीण जिले (दिल्ली , चंडीगढ़ और लक्षद्वीप को छोड़कर) में 75 अमृत सरोवरों के निर्माण या उनका पुनरुद्धार करना था। अक्टूबर 2024 तक की स्थिति अनुसार , इस मिशन के तहत 68,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण/ पुनरुद्धार पूरा हो चुका है।

मिशन के दूसरे चरण के अंतर्गत , सामुदायिक सहभागिता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अधिक सरोवरों का निर्माण या पुनरुद्धार करना है , ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये सरोवर न केवल स्थायी जल संसाधन के रूप में कार्य करें, बल्कि जीवंत सामुदायिक केन्द्र भी बनें।

(ग) और (घ) : झारखंड राज्य में दिनांक 12.12.2024 की स्थिति के अनुसार कुल 2,048 अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार किया जा चुका है। जिले-वार ब्यौरा अनुबंध-। में दिया गया है।

बिहार राज्य में दिनांक 12.12.2024 की स्थिति अनुसार कुल 2,482 अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार किया गया है , जिनमें से दरभंगा जिले में 51 अमृत सरोवर का निर्माण/कायाकल्प किया गया है। बिहार में जिले-वार पूर्ण सरोवर का ब्यौरा अनुबंध-।। में दिया गया है

मिशन अमृत सरोवर कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत राज्यों और जिलों द्वारा विभिन्न चल रही योजनाओं तथा कार्यक्रमों जैसे 15वें वित्त आयोग अनुदान , प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना , वाटरशेड विकास की उप-योजनाओं , हर खेत को पानी और राज्यों की अपनी योजनाओं के अभिसरण से किए जाते हैं। क्राउड-फंडिंग के माध्यम से सार्वजनिक योगदान और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के उपयोग की भी अनुमति है।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 17.12.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3532 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) में उल्लिखित अनुबंध

झारखंड में जिले-वार पूर्ण कुल सरोवर		
क्र.सं.	जिला	पूर्ण सरोवरों की संख्या
1	बोकारो	77
2	चतरा	86
3	देवघर	80
4	धनबाद	80
5	दुमका	117
6	गढ़वा	65
7	गिरिडीह	78
8	गोड्डा	75
9	गुमला	75
10	हजारीबाग	116
11	जामताड़ा	75
12	खूंटी	75
13	कोडरमा	77
14	लातेहार	99
15	लोहरदगा	84
16	पाकुर	75
17	पलामू	58
18	पश्चिमी सिंहभूम	84
19	पूर्वी सिंहभूम	106
20	रामगढ़	87
21	रांची	140
22	साहिबगंज	85
23	सरायकेला-खरसावां	70
24	सिमडेगा	84
	कुल	2,048

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 17.12.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3532 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) में उल्लिखित अनुबंध

बिहार में जिले-वार पूर्ण कुल सरोवर		
क्र.सं.	**जिला**	**पूर्ण सरोवरों की संख्या**
1	अररिया	77
2	अरवल	59
3	औरंगाबाद	59
4	बांका	59
5	बेगूसराय	75
6	भागलपुर	59
7	भोजपुर	57
8	बक्सर	74
9	दरभंगा	70
10	गया	71
11	गोपालगंज	74
12	जमुई	70
13	जहानाबाद	72
14	कैमूर (भभुआ)	69
15	कटिहार	77
16	खगरिया	47
17	किशनगंज	60
18	लखीसराय	68
19	मधेपुरा	42
20	मधुबनी	74
21	मुंगेर	72
22	मुजफ्फरपुर	83
23	नालन्दा	40
24	नवादा	72
25	पश्चिम चंपारण	73
26	पटना	44
27	पूर्वी चंपारण	81
28	पूर्णिया	75
29	रोहतास	75
30	सहरसा	51
31	समस्तीपुर	77
32	सारण	56
33	शेखपुरा	48
34	शिवहर	16
35	सीतामढ़ी	61
36	सिवान	75
37	सुपौल	69
38	वैशाली	101
	कुल	2,482